SJU Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 07 अप्रैल 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 189

# छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर सुरक्षाबलों की बड़ी कार्यवाई, मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

**रायपुर । आरएनएस**

तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर बड़ा नक्सल विरोधी ऑपरेशन देखने को मिला है। दरअसल, पुजारी कांकेर के कर्रीगुटा जंगलों में छत्तीसगढ़ पुलिस के सहायक सहयोग से तेलंगाना के सुरक्षा बलों के नेतृत्व में एक नक्सल विरोधी अभियान में तीन नक्सली मारे गए। मौके से नक्सलियों के शव और एलएमजी और एके-47 हथियार भी बरामद किए हैं। बता दें कि इससे पहले भी कई नक्सल अभियानों में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है।

तेलंगाना की सीमा से लगे घने जंगल में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गये। यहां एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इलाके में अभी भी तलाशी अभियान जारी है। इस सप्ताह की शुरुआत में छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन महिलाओं सहित कम से कम 13 नक्सली मारे गए थे। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने मुठभेड़ होने की जानकारी दी है। यह उसूर थाना क्षेत्र का मामला है।



छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से नक्सल विरोधी अभियान लगातार जारी है। छत्तीसगढ़ के जवानों के दबाव से नक्सली तेलंगाना की ओर रुख कर रहे हैं। इसी मौके पर तेलंगाना ग्रेहाउंड ने आपरेशन चलाकर छत्तीसगढ़ के नंबी कोर गुट्टा पहाड़ी में घेराबंदी की। इसी बीच जवानों की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को ढ़ेर हो गए। अभी सर्चिंग अभियान जारी है। विस्तृत जानकारी आने में वक्त लगेगा।

बता दें कि बीजापुर जिले के गंगालूर क्षेत्र में बीते दो अप्रैल को नक्सलियों के लड़ाकू दस्ता कंपनी नंबर दो के साथ हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बल ने 13 नक्सलियों को मार गिराया था। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से 13 नक्सलियों के शव सहित एक लाइट मशीन गन, बैरल ग्रेनेड लांचर और अन्य हथियार व गोला-बारूद बरामद किए गए थे। बस्तर में सुरक्षा बल का यह अब तक का सबसे सफल अभियान है।

## आतंकियों को पाकिस्तान में घुसकर मारेंगे, मुंहतोड़ जवाब देंगे', विदेशी मीडिया के दावे पर रक्षा मंत्री की दो टूक

**नई दिल्ली । आरएनएस**

अगर आतंकवादी भारत में शांति भंग करने की कोशिश करेंगे या आतंकी गतिविधियों को अंजाम देंगे तो उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। अगर वे पाकिस्तान भाग गए तो भारत उन्हें पड़ोसी देश में घुसकर मार गिराएगा। ये बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए अपनी सरकार के स्पष्ट एजेंडे को दिखाते हुए कही है।

रक्षा मंत्री एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें दावा किया गया था कि भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 2019 के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा के एक अभियान के तहत पाकिस्तान में आतंकवादियों की हत्याएं कीं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर पड़ोसी देश के आतंकवादी भारत में शांति भंग करने की कोशिश करेंगे या भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करेंगे, तो हम उन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे। एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि अगर वे पाकिस्तान भाग जाते हैं, तो हम उन्हें मारने के लिए पाकिस्तान में घुसेंगे।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत के पास सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की ताकत है और पाकिस्तान को इसका एहसास होने लगा है। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया टिप्पणियों का समर्थन किया कि भारत मूकदर्शक नहीं रहेगा।

राजनाथ सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री ने जो भी कहा है वह बिल्कुल सच है और भारत के पास वह ताकत है और पाकिस्तान को भी इसका एहसास होने लगा है। साथ ही रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत हमेशा अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है। जो भी हो, वे हमारे पड़ोसी देश हैं। इतिहास उठाकर देख लीजिए।

हमने आज तक दुनिया के किसी भी देश पर हमला नहीं किया और न ही किसी देश की एक इंच जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सीएम की ड्यूटी में तैनाती के लिए जा रहे पुलिस मुलाजिमों की बस पलटी, तीन जवानों की मौत; 21 घायल

**सिवनी (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के केवलारी थाना क्षेत्र के लोपा गांव के पास 35वीं बटालियन के एसएफ जवानों को ले जा रही बस एक कार से टकराने के बाद पलट गई, जिसमें 3 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और 21 घायल हो गए। बस मंडला जिले में सीएम ड्यूटी के लिए पुलिस जवानों को लेकर जा रही थी। मिली जानकारी के मुताबिक 35वीं बटालियन के एसएफ जवानों को लेकर बस जा रही थी। इस दौरान एक कार से टकराने के बाद बस का संतुलन बिगड़ गया और बस पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिसकर्मियों का अन्य दल मौके पर पहुंचा। इस बीच स्थानीय लोगों ने भी बस पलटने के बाद जवानों को बाहर निकालने में मदद शुरू कर दी। इस हादसे में 21 जवानों के घायल होने के बाद उन्हें तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।

### दिल्ली शराब घोटाला : मनीष सिसोदिया को नहीं मिली राहत, कोर्ट ने 18 अप्रैल तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आज भी राहत नहीं मिली। दिल्ली की राउज़ ऐवन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी है। राउज़ ऐवन्यू कोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई अब 18 अप्रैल को होगी। कोर्ट ने ईडी से यह बताने के लिए कहा अब तक एक एक आरोपी द्वारा दस्तावेज़ों की जांच के लिए कितना समय लिया गया। मनीष सिसोदिया 26 फरवरी 2023 से जेल में बंद हैं। इस मामले को लेकर सीबीआई और ईडी का ये दावा है कि सिसोदिया ने शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने के लिए आबकारी नीति में बदलाव किया था। इससे आप नेताओं को बड़ी राशि रिश्वत के तौर पर मिली। इससे पहले सिसोदिया की जमानत याचिका पर 2 अप्रैल को भी सुनवाई हुई थी। इस दौरान उन्होंने अदालत से कहा था कि उनको जेल में रखने से कोई फायदा नहीं है क्योंकि उनके खिलाफ चल रही जांच पूरी हो चुकी है।

### लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की 12वीं सूची जारी,6 प्रत्याशियों की घोषणा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस ने उत्तर और दक्षिण गोवा के संसदीय क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की। साथ ही मध्य प्रदेश के मुरैना, खंडवा और ग्वालियर और दादर एवं नगर हवेली (एसटी) के लिए भी उम्मीदवारों की घोषणा की गई है।गोवा से मौजूदा कांग्रेस सांसद फ्रांसिस्को सरदिन्हा को लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची से हटा दिया गया है।

### अंबाला में लापता नाबालिग लड़के का सूटकेस में मिला शव

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** हरियाणा के अंबाला शहर में शुक्रवार को एक कार में रखे सूटकेस से तीन दिनों से लापता एक नाबालिग लडक़े का शव मिला। मृतक छात्र के पिता को गुरुवार को फिरौती का पत्र मिला था। नाबालिग लडक़ा कक्षा 9 का छात्र था। एक पुलिस अधिकारी ने मीडिया को बताया कि लडक़े का शव एक सूटकेस में भरा हुआ मिला। आरोपियों ने लडक़े की आंखें फोड़ दी थी। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने शव को कब्जे ले लिया और जांच शुरू कर दी। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर कुछ साक्ष्य जुटाए। शव को दुधला मंडी इलाके में एक घर के सामने खड़ी कार से बरामद किया गया।

### पेपर लीक मामले में ईडी का बड़ा एक्शन, यतिन और लोकेश की 1 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क

**जम्मू (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को पुलिस सब-इंस्पेक्टर (एसआई) प्रश्नपत्र लीक मामले में 1 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की। ईडी के अधिकारियों ने कहा कि उसने पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत आरोपी मेसर्स न्यू ग्लोबल फ्यूमिगेशन कॉर्पोरेशन के मालिक यतिन यादव और उसके सहयोगी लोकेश कुमार की 1 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है। ईडी ने कहा कि यह संपत्ति यतिन यादव और अन्य द्वारा जम्मू-कश्मीर पुलिस के 1200 सब-इंस्पेक्टरों की भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा के पेपर लीक से संबंधित मामले में कुर्क की गई है।

## ईडी के बाद बंगाल में अब एनआईए की टीम पर हमला 150 ग्रामीणों की भीड़ ने कार को घेरकर बरसाए पत्थर

❑ दो अधिकारी घायल

**कोलकाता । आरएनएस**



बंगाल में सरकारी जांच एजेंसियों पर हमले के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। बीते दिनों एक मामले की जांच करने गई ईडी की टीम पर संदेशखाली में भीड़ ने हमला किया था। इसी कड़ी में अब पूर्व मेदिनीपुर के भूपतिनगर में केंद्रीय एजेंसी एनआइए की टीम पर हमला हुआ है।

दरअसल, कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्देशानुसार एनआइए टीम शनिवार को जांच के लिए पहुंची थी। आरोप है कि जांचकर्ताओं की कार में तोडफ़ोड़ की गई। इस हमले में एनआईए के दो अधिकारी भी घायल हुए हैं।

जानकारी के मुताबिक, एनआईए की टीम शनिवार सुबह यहां तृणमूल कांग्रेस के नए नेता के घर पर वर्ष 2022 में हुए बम धमाकों की जांच के लिए पहुंची थी। एनआईए अधिकारी यहां दो आरोपियों को पकडक़र जब उन्हें साथ ले जाने लगे, तब मौके पर करीब 150 ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और उसने हद्धद्ध अधिकारियों को रोकने के कोशिश की और गाडिय़ों पर पथराव कर दिया।

यह घटना शनिवार तडक़े करीब 5.30 बजे की है। एनआईए की टीम केंद्रीय सुरक्षा बल को भी ले साथ गई थी। उनकी मदद से एनआईए की टीम गिरफ्त में लिए गए आरोपियों को लेकर कोलकाता के लिए रवाना हो गई।

## काशी विश्वनाथ मंदिर का फेसबुक अकाऊंट हैक, हैकर ने अश्लील कंटेंट किया पोस्ट

**लखनऊ (आरएनएस)।** काशी विश्वनाथ मंदिर का फेसबुक अकाउंट हैक करके हैकर ने अश्लील कंटेंट का लिंक पोस्ट कर दिया। करीब 15 मिनट पहले जानकारी मिलने के बाद विश्वनाथ मंदिर प्रशासन ने कंटेंट हटाने की कार्रवाई शुरू की। मंदिर प्रशासन की ओर से चौक थाने को सूचित किया गया। मंदिर न्यास की शिकायत मिलते ही सक्रिय हुई साइबर सेल की टीमों ने तत्काल पेज को रिकवर कर लिया। साइबर अपराधियों की पहचान कर कार्रवाई के लिए साइबर सेल में शिकायत की गई। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने कहा है कि असुविधा के लिए न्यास खेद व्यक्त करता है।

## आरजेडी प्रमुख लालू यादव की मुश्किलें बढ़ीं, ग्वालियर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट

**ग्वालियर । आरएनएस**



राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ग्वालियर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। यह वारंट आर्म्स एक्ट के मामले में जारी हुआ है। यह मामला 1995-97 का है। पुलिस की जांच में लालू प्रसाद का नाम सामने आया। साथ ही यह पता चला कि लालू प्रसाद कोई और बल्कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री हैं।

एडीपीओ अभिषेक मल्होत्रा ने बताया, न्यायिक मजिस्ट्रेट रूक्क-रूरूर ग्वालियर द्वारा लालू प्रसाद यादव के खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट के आदेश जारी किए गए हैं। मामला साल 1995-97 का है जिसमें फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आर्म्स डीलर से हथियार खरीदे गए थे। कुल 23 आरोपियों के खिलाफ पत्र पेश किए गए थे। आरोपी लालू प्रसाद यादव को फरार घोषित किया गया था।

जानकारी के मुताबिक पुलिस की जांच में पता चला है कि 1995-97 में फर्जी दस्तावेजों के जरिए कुल तीन फर्मों से हथियार और कारतूस खरीदे गए थे। इस मामले में लालू प्रसाद समेत कुल 23 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट पेश की थी गई थी। इन आरोपियों में से दो की मौत हो चुकी है जबकि 14 फरार है। पुलिस ने इस मामले में 1998 में चार्जशीट दाखिल किया था। लालू प्रसाद का मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया था। कोर्ट जब इस बात को लेकर आश्वस्त हो गई कि संबंधित शख्स लालू प्रसाद यादव बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री है, तब उनके गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है।

## पुणे के प्यासे ग्रामीणों ने मतदाताओं की धमकी, पानी नहीं तो वोट नहीं

**पुणे । आरएनएस**




पानी के संकट से जूझ रहे पुणे के शिवाजीनगर के खैरेवाड़ी के ग्रामीणों ने समस्या का समाधान नहीं होने पर आगामी लोकसभा चुनावों के बहिष्कार की धमकी दी है।

इलाके के लगभग 10 हजार लोग समस्या के समाधान की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पुणे नगर निगम (पीएमसी) के अधिकारियों से बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का हल नहीं निकाला गया।

पानी की कमी से परेशान लोगों ने इलाके में पानी नहीं, तो वोट नहीं का बैनर लगा दिया है। उनका कहना है कि अगर पानी की समस्या का समाधान नहीं होगा, तो हम चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

उनकी इस चेतावनी ने राजनीतिक दलों के नेताओं को चिंतित कर दिया है। यहां 13 मई को चुनाव है।

इलाके के एक निवासी ने कहा कि वे कई महीनों से पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन हालात जस के तस हैं।पानी की कमी के कारण उनका जीवन दयनीय हो गया है।

उन्होंने कहा कि गर्मी शुरू होने के बाद स्थिति और खराब होने वाली है।

ग्रामीणों ने कहा कि अधिकांश दिनों में उन्हें टैंकरों के पानी से काम चलाना पड़ता है। इसके लिए घंटों बर्बाद करना पड़ता है। उन्होंने पीएमसी से पानी की आपूर्ति को पटरी पर लाने की मांग की।

## बोकारो स्टील प्लांट में गैस का गुबार फैला, मची अफरा-तफरी

**बोकारो (आरएनएस)।** बोकारो स्टील प्लांट के हॉट स्ट्रिप मिल में शनिवार को गैस का गुबार उठने से अफरा-तफरी और दहशत फैल गई। कर्मचारी और अधिकारी भागकर बाहर आए। दो से तीन कर्मियों के अचेत होने की खबर है। उनका प्लांट के अंदर ही इलाज किया गया है। करीब घंटे भर बाद स्थिति सामान्य हो गई है। बीएसएल प्रबंधन के अफसरों ने कहा है कि मेंटेनेंस के दौरान कंपेनसेटर चेंज करने के दौरान आग लगी थी और काफी मात्रा में धुआं फैल गया। आग बुझा दी गई है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। आग और गैस फैलने की खबर मिलते ही आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के मुताबिक मेंटेनेंस वर्क के दौरान पाइपलाइन में कटिंग व वेल्डिंग का काम हो रहा था। वेल्डिंग से निकलने वाली चिंगारी से पाइपलाइन के अंदर जमा नेफ्था, सल्फर व अन्य ज्वलनशील सामग्री में आग लग गई और उससे धुआं निकलने लगा। पाइपलाइन के जरिए यह धुआं हॉट स्ट्रिप मिल तक फैल गया और इसकी वजह से अफरा-तफरी मच गई। आग पर तुरंत काबू पा लिया गया और अब हालात सामान्य हैं।

**आरबीआई का बड़ा फैसला**

## अब यूपीआई से कैश डिपॉजिट मशीन में पैसे जमा कर सकेंगे ग्राहक

**मुंबई**



आरबीआई ने लेनदेन में सुविधा बढ़ाने के लिए ग्राहकों को यूपीआई के माध्यम से कैश डिपॉजिट मशीनों (सीडीएम) में पैसे जमा करने की अनुमति देने का फैसला किया है। सीडीएम के माध्यम से कैश जमा फिलहाल डेबिट कार्ड से हो रहा है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, एटीएम में यूपीआई का उपयोग कर बिना कार्ड के कैश निकालने के अनुभव को देखते हुए, अब यूपीआई का उपयोग कर सीडीएम में नकदी जमा करने की सुविधा भी प्रस्तावित है। यह उपाय ग्राहकों की सुविधा को और बढ़ाएगा और बैंकों में मुद्रा प्रबंधन प्रक्रिया को और अधिक कुशल बनाएगा।

उन्होंने कहा कि ग्राहकों के लिए चीजें आसान होने के अलावा, बैंकों को भी फायदा होगा। वे अभी अपने ब्रांच में कैश जमा करने में बहुत समय लगाते हैं।

## बाराबंकी में बड़ा हादसा : नदी में नहाने गए पांच बच्चे डूबे, दो भाइयों की मौत, तीन लापता

**बाराबंकी । आरएनएस**

यूपी के बाराबंकी जिले में नदी में नहाने गए पांच बच्चे अचानक डूबे गए। जैसे ही इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। आनन-फानन में परिजन और गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे और गोताखोरों को बुलाया। गोताखोरों ने दो भाइयों को बाहर निकाला। उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। जबकि तीन बच्चे अभी भी लापता बताए जा रहे हैं इनकी तलाश जारी है।



टिकैत नगर थाना क्षेत्र के चिर्रा गांव के समीप स्थित सरयू नदी में शनिवार को पांच नाबालिग नहाने गए थे। नहाते समय सभी गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। नदी के पास मौजूद ग्रामीणों के शोर मचाने पर काफ़ी लोग जुट गए। सूचना पर पुलिस स्थानीय गोताखोरों को लेकर पहुंची।

गौतखोरों ने काफ़ी मशक्कत के बाद दो किशोरों को बाहर निकाला। नदी से निकले गए अयान (10) व साफेर (12) की सांस चलती देख आनन फानन उन्हें सीएचसी टिकैत नगर भेजा गया। मगर वहां पहुँचने से पहले ही दोनों की मौत हो चुकी थी। सीएचसी अधीक्षक डॉ संजय गुप्ता ने बताया कि दोनों नाबालिग लडक़ों को मृत अवस्था में ही सीएचसी आए थे।

दोनों किशोरों की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर हाल बेहाल था। उधर दूसरी और टिकैत नगर पुलिस गोताखोर के जरिए नदी में लापता तीन किशोरों को तलाश करने में जुटी है। घाघरा नदी के किनारे सैकड़ों लोग एकत्र थे। सूचना पाकर मौके पर रामसनेहीघाट एसडीएम और सीओ भी मौके पर डटे है।

## असम भाजपा को आचार संहिता के उल्लंघन के लिए कारण बताओ नोटिस

**गुवाहाटी । आरएनएस**

असम के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) ने आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन के कथित मामले में माकपा की शिकायत पर भाजपा को नोटिस भेजा है। माकपा ने आरोप लगाया है कि पूर्वोत्तर राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की तस्वीरों वाले फॉर्म वितरित करके सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कर रही है।

सीईओ नोटिस में कहा गया है: असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय को माकपा के सचिव से भाजपा असम द्वारा एमसीसी उल्लंघन के बारे में एक शिकायत मिली है, जो ओरुनोदोई के तहत पात्र परिवारों का विस्तार करने के वादे के साथ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के नाम पर आवेदन पत्र (संलग्न) के कथित वितरण के संबंध में है।

सीईओ के अनुसार, फॉर्म वितरण और डेटा संग्रह डिजाइन को लेन-देन संबंधी बनाते हैं और यह मतदाताओं को प्रलोभन देने की प्रकृति में है जो विभिन्न वैधानिक प्रावधानों और एमसीसी के तहत एक निषिद्ध गतिविधि है।

नोटिस में कहा गया है, प्रथम दृष्टया जांच के आधार पर ऐसा प्रतीत होता है कि आपकी पार्टी के स्टार प्रचारकों के प्रतीक और तस्वीरों वाले ये फॉर्म एमसीसी दिशानिर्देशों का उल्लंघन हैं; और अब, इसलिए, आपको लिखित में कारण बताने के लिए कहा जाता है कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के लिए आपके खिलाफ उचित कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए।

भाजपा को 72 घंटे के भीतर कारण बताओ नोटिस का जवाब देने को कहा गया है, अन्यथा आयोग आवश्यक कार्रवाई करेगा। गौरतलब है कि ओरुनोदोई असम सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है।